



# गिल का प्रचंड फॉर्म जारी

## तोड़ा गावस्कर का कीर्तिमान, जीत की दहलीज पर भारत

**बर्मिंघम 5 जुलाई.** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रहे एजबेस्टन टेस्ट में टीम इंडिया की पकड़ मजबूत है. मैच के चौथे दिन शुभमन गिल ने 161 रनों की धुंआधार पारी खेली, वहीं केएल राहुल, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा के अर्धशतक ने टीम के दूसरी पारी के स्कोर को 400 के पार पहुंचाया. भारत ने दूसरी पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 427 रन बनाए. वहीं जब इंग्लैंड की टीम सेकंड इनिंग खेलने उतरी, तब मोहम्मद सिराज और आकाशदीप की गेंदबाजी ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया.

चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड की टीम 3 विकेट के नुकसान पर 72 रन बना सकी थी और उसे मैच जीतने के लिए 536 रन की जरुरत थी, वहीं भारतीय टीम को 7 विकेट की दरकार थी. गिल ने ये सेंचुरी 129 गेंदों में बनाई, जिसमें 9 चौके और 3 छक्के लगाए. गिल ने इस शतक के साथ ही भारत के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है. सुनील गावस्कर एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक लगाने वाले इकलौते भारतीय खिलाड़ी थे, लेकिन शुभमन गिल ने अब ये रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है.

भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड की धरती पर इतिहास रचते हुए 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया. भारतीय बल्लेबाजों ने अब से पहले एक मैच में कभी भी 1000 से ज्यादा रन नहीं बनाए थे. भारत ने एजबेस्टन टेस्ट मैच की दोनों पारियों में मिलाकर 1014 रन बना दिए.

| सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय |
| --- |
| 369* - शुभमन गिल बनाम इंग्लैंड, बर्मिंघम, 2025 |
| 344 - सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज, पोर्ट ऑफ स्पेन, 1971 |
| 340 - वीवीएस लक्ष्मण बनाम ऑस्ट्रेलिया, कोलकाता, 2001 |

| सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान |
| --- |
| 369* - शुभमन गिल बनाम इंग्लैंड, बर्मिंघम, 2025* |
| 293 - विराट कोहली बनाम श्रीलंका, दिल्ली, 2017 |
| 289 - सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज, कोलकाता, 1978 |

### यशस्वी जायसवाल ने तोड़ा दिग्गजों का रिकार्ड



भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इन दिनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में शतक जड़ने के बाद, उन्होंने दूसरे टेस्ट में भी अपना फॉर्म जारी रखा। एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन भारत की दूसरी पारी के दौरान, जायसवाल ने 22 गेंदों पर 28 रनों की छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेलते हुए कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए। 23 वर्षीय इस क्रिकेटर ने अपने प्रदर्शन से महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। जायसवाल अब दिग्गज राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के साथ संयुक्त रूप से सबसे तेज 2,000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह बड़ी उपलब्धि अपने 21वें टेस्ट मैच की 40वीं पारी में हासिल की। इस कारनामे के साथ वह द्रविड़ और सहवाग के क्लब में शामिल हो गए, जिन्होंने भी इतनी ही पारियों में यह मील का पत्थर छुआ था। उन्होंने विजय हजारे, गौतम गंभीर, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली जैसे महान खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने क्रमश: 43, 44 और 45 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था।

### ऋषभ पंत ने तोड़ा छक्कों का रिकॉर्ड



ऋषभ पंत ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन अपनी छक्के जड़ने की क्षमता का प्रदर्शन करते हुए एक और उपलब्धि हासिल की। इस तूफानी विकेटकीपर बल्लेबाज ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के चौथे दिन छक्के जड़कर प्रशंसकों का मनोरंजन करना जारी रखा। अपनी 58 गेंदों में खेली गई तेजतर्रार 65 रन की पारी में पंत ने तीन बार गेंद को स्टैंड्स में पहुंचाया, जिससे उन्होंने किसी विदेशी धरती पर टेस्ट प्रारूप में सर्वाधिक छक्के लगाने का इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया। क्रीज पर अपने शानदार प्रदर्शन के बाद, पंत के नाम इंग्लैंड में टेस्ट में 24 छक्के हो गए हैं, जो किसी भी बल्लेबाज द्वारा किसी विदेशी धरती पर लगाए गए सर्वाधिक छक्के हैं। उन्होंने स्टोक्स के दक्षिण अफ्रीका में लगाए गए 21 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। वेस्टइंडीज के दिग्गज विवियन रिचर्ड्स इंग्लैंड में 16 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। पंत ने तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी संभाली, जो भारत के लिए समय की मांग थी क्योंकि खेल के दो दिन से भी कम बचे थे। 27 वर्षीय पंत ने टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के साथ हाथ मिलाया, जब जोश टोंग की पैर कुचलने वाली फुल-लेंथ डिलीवरी ने स्टंप्स बिखेर दिए, जिससे केएल राहुल 55(84) पर पवेलियन लौट गए।

# नीरज चोपड़ा ने जीता एनसी क्लासिक



**बेंगलुरु, 5 जुलाई.** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शनिवार को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन एनसी क्लासिक 2025 जीतकर अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि जोड़ ली।

यह भारत में आयोजित होने वाला पहला विश्व एथलेटिक्स श्रेणी ए इवेंट था, और नीरज ने 86.18 मीटर के थ्रो के साथ प्रतियोगिता जीतकर अपना दबदबा साबित किया। केन्या के जूलियस येगो 84.51 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि श्रीलंका के रुमेश पाथिरागे, जिन्होंने कुछ समय के लिए बढ़त बनाई थी, 84.34 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

> ▸ 86.18 मीटर के थ्रो से खिताब अपने नाम किया

इस प्रतिष्ठित आयोजन में दुनिया भर के कुछ विश्व स्तरीय एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें जर्मनी के थॉमस रोहलर, केन्या के पूर्व विश्व चैंपियन येगो, साथ ही कर्टिस थॉम्पसन (यूएसए), लुइज मौरिसियो डा सिल्वा (ब्राजील), पाथिरागे (श्रीलंका) और सिप्रियन मर्ज़ीग्लोड (पोलैंड) शामिल थे। चोपड़ा की जीत ने न केवल उनके व्यक्तिगत कौशल को प्रदर्शित किया, बल्कि भारत को शीर्ष स्तर के एथलेटिक्स आयोजनों के मेजबान के रूप में स्थापित करने की उनकी %ड्रीम प्रोजेक्ट% को भी साकार

## अनाहत सिंह ने जीता स्क्वैश खिताब

**जिमचेन (दक्षिण कोरिया), 05 जुलाई (वार्ता)** भारत की अनाहत सिंह ने शनिवार को एशियाई जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 2025 में चेउंग त्स चिंग को हराकर अंडर-19 लड़कियों का खिताब जीता। पिछले महीने सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में महिला और मिश्रित युगल दोनों खिताब जीतने वाली 17 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने जिमचेन स्क्वैश स्टेडियम में खेले गये फाइनल में हांगकांग की चेउंग त्स चिंग को 3-0 (11-7, 11-2, 11-8) से हराया। एशियाई जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में अनाहत का यह लगातार तीसरा खिताब है।



# वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास

## 52 गेंदों में यूथ वनडे का सबसे तेज शतक

**वॉर्सेस्टर,5 जुलाई.** भारतीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार को वॉर्सेस्टर में इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे यूथ वनडे मैच में सबसे तेज शतक जड़कर इतिहास रच दिया। उन्होंने केवल 52 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे पाकिस्तान के कामरान गुलाम का 53 गेंदों का पिछला रिकॉर्ड टूट गया।

> ▸ तोड़ा कामरान गुलाम का 53 गेंद वाला पुराना रिकॉर्ड

यह बाएं हाथ का बल्लेबाज अपनी तूफानी पारी में 10 चौके और 7 छक्के लगाए। अंतत: उन्हें 78 गेंदों में 143 रन बनाकर आउट किया गया, जिसमें 13 चौके और 10 छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की यूथ वनडे श्रृंखला में सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में हैं। पिछले मैच में, उन्होंने 20 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था - जो किसी भारतीय द्वारा यूथ वनडे में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। उस मैच में उन्होंने 31 गेंदों में 86 रन बनाए थे, जिससे भारत ने चार विकेट से आरामदायक जीत दर्ज कर श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली थी।

| यूथ वन-डे में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज |
| --- |
| 52 गेंद - वैभव सूर्यवंशी - भारत 19 बनाम इंग्लैंड 19 - वॉर्सेस्टर (2025) |
| 53 गेंद - कामरान गुलाम - पाकिस्तान 19 बनाम इंग्लैंड 19 - लीसेस्टर (2013) |
| 68 गेंद - तमीम इकबाल - बांग्लादेश 19 बनाम इंग्लैंड 19 - फतुल्लाह (2005/06) |
| 69 गेंद - राज अंगद बावा - भारत 19 बनाम युगांडा 19 - तारौबा (2021/22) |
| 70 गेंद - शॉन मार्श - ऑस्ट्रेलिया 19 बनाम केन्या 19 - डुनेडिन (2001/02) |

# कनाडा ओपन सेमीफाइनल में किदांबी श्रीकांत

## सेमीफाइनल में निशिमोटो से मुकाबला




**ओंटारियो 05 जुलाई (वार्ता)** पूर्व विश्व नंबर-वन किदांबी श्रीकांत ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपियन चाउ टीएन-चेन को हराकर कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

> ▸ शंकर और श्रीयांशी टूर्नामेंट से बाहर

शुक्रवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल में किदांबी श्रीकांत ने 43 मिनट तक चले मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चाउ टीएन-चेन को 21-18, 21-9 से हराकर मैच अपने नाम किया। श्रीकांत की 10 मुकाबलों में चाउ टीएन-चेन के खिलाफ यह चौथी जीत है। श्रीकांत अब सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त जापान के केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे।

> एक अन्य मुकाबले में केंटा निशिमोटो के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार के बाद शंकर सुब्रमण्यम का बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। पहला गेम हारने के बाद, शंकर ने दूसरा गेम जीता, लेकिन तीसरे गेम में वे फिर पीछे हो गए और 21-15, 5-21, 21-17 से हारकर कनाडा ओपन से बाहर हो गए। वहीं, कनाडा ओपन में श्रीयांशी वालिशेट्टी की हार के साथ भारत की महिला एकल चुनौती भी समाप्त हो गई। महिला एकल मुकाबले मे श्रीयांशी वालिशेट्टी को डेनमार्क की अमाली शुल्ज ने हराया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला गेम जीतकर बेहतरीन शुरुआत की, लेकिन उन्हें डेनमार्क की अमाली शुल्ज ने 12-21, 21-19, 21-19 से हराया।

# केसीएल में छाए संजू सैमसन

**केरल 5 जुलाई.** भारतीय टीम के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन को आगामी केरल क्रिकेट लीग (केसीएल) की नीलामी में रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा गया है।

> कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने 26.80 लाख में खरीदा
> टी-20 लीग में नई जर्सी में दिखेंगे

केरल क्रिकेट लीग का दूसरा संस्करण 22 अगस्त 2025 से शुरू होगा। इस संदर्भ में शनिवार, 5 जुलाई को खिलाड़ियों की नीलामी हुई। नीलामी में संजू सैमसन को कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने 26.80 लाख रुपये की भारी कीमत पर खरीदा। यह राशि उन्हें केसीएल टूर्नामेंट का अब तक का सबसे महंगा खिलाड़ी बनाती है। इस नीलामी में आईपीएल स्टार विष्णु विनोद को कोलंब सेलर ने 12.80 लाख रुपये में खरीदा, जबकि अनुभवी जलज सक्सेना को एलेप्पी रिपल्स ने 12.40 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा।



### एक नजर में



## हम्पी को मिली चौथी वरीयता

**बाटुमी.** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को फिडे विश्व महिला शतरंज कप में चौथी वरीयता मिली है, और वह कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की प्रमुख दावेदार हैं। इस टूर्नामेंट से शीर्ष तीन खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जाएंगे, जिसकी विजेता चीन की मौजूदा महिला चैंपियन वेनजुन जू को अगली चैंपियनशिप में चुनौती देगी। चीन की लेई तिंगजी, जिनर झू और झोंगयी टैन शीर्ष तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। हम्पी के साथ, ये खिलाड़ी एशियाई चुनौती का नेतृत्व कर रही हैं, जहाँ एशियाई दबदबा कायम है। टूर्नामेंट में 86 खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। 43 विजेता 21 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के साथ मिलकर कुल 64 खिलाड़ी बनाएंगे। प्रत्येक दौर में दो क्लासिकल गेम होंगे, और टाई-ब्रेक के लिए एक आरक्षित दिन होगा। शीर्ष 21 रेटेड खिलाड़ियों को सीधे दूसरे दौर में वरीयता दी गई है। भारतीय सूची में हम्पी, ग्रैंडमास्टर डी हरिका, ग्रैंडमास्टर आर वैशाली और दिव्या देशमुख सहित चार खिलाड़ी शामिल हैं। इनके अलावा, वंतिका अग्रवाल, पद्मिनी राउत, पीवी नंदिधा, किरण मनीषा मोहंती और के प्रियंका भी भारतीय लाइन-अप में हैं।

## नैट साइवर-ब्रंट टी20 सीरीज से बाहर

**लंदन.** इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट कमर की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज के शेष मैचों से बाहर हो गई हैं। सीवर-ब्रंट की जगह माइया बाउचर को टीम में शामिल किया गया है, जबकि टैमी बोमॉन-?ट टीम की कप्तानी जारी रखेंगी। 32 वर्षीय साइवर को मंगलवार को दूसरे टी-20 मैच के दौरान चोट लगी थी और वह शुक्रवार को हुये तीसरे मैच में नहीं खेल पाई थीं। चोट के कारण वह बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड और 12 जून को एजबस्टन में होने वाले मैचों में भी नहीं खेल पाएंगी। मीडिया खबरों के अनुसार 16 जुलाई से शुरू होने वाले तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उनके फिट होने की उम्मीद है। शरद ऋतु में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप से पहले इंग्लैंड की महिला टीम के लिए ये आखिरी मैच होंगे। इंग्लैंड ने शुक्रवार को तीसरा टी-20 मैच पांच रन से जीतकर सीरीज में स्वयं को बनाये रखा है। इससे पहले उसे शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

# रैकेट स्ट्रिंग पर भड़कीं राडुकानू

**लंदन 5 जुलाई. ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू ने विंबलडन के तीसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से 7-6 (6), 6-4 से हारने के बाद अपने रैकेट की स्ट्रिंग को लेकर निराशा व्यक्त की।**

> बोलीं- बंद छत और स्ट्रिंग बदलाव से बिगड़ी लय
> तीसरे दौर में सबालेंका से हारने पर हुईं निराश

सेंटर कोर्ट पर बंद छत के नीचे खेले गए इस मैच में राडुकानू दोनों सेटों में बढ़त गंवा बैठीं। मैच के बाद राडुकानू ने बताया, मुझे लगा कि गेंद बहुत उड़ रही थी। मेरे सभी रैकेट नए सिरे से स्ट्रिंग करवाए गए थे, और वे अलग तरह से पिंग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छत बंद होने के कारण भी ऐसा हो सकता है। मैंने कुछ रैकेट दोबारा स्ट्रिंग करवाने भेजे, लेकिन इसमें लगभग 20 मिनट लग जाते हैं। यह थोड़ा मुश्किल था, और मैं इस छोटी सी बात से निराश हूँ। मुझे लगता है कि मुझे बस बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था।



# फ्लुमिनेंस ने अल हिलाल को 2-1 से हराया

**ऑरलैंडो, 05 जुलाई (वार्ता) हरक्यूलिस के विजयी गोल की बदौलत फ्लुमिनेंस ने शुक्रवार को फीफा क्लब विश्व कप में अल हिलाल को 2-1 से हराकर सेमीफ़ाइनल में प्रवेश कर लिया।**

> ▸ हरक्यूलिस ने विजयी गोल दागा

फ्लुमिनेंस ने 40वें मिनट में गतिरोध को तोड़ा, जब मैथियस मार्टिनेली ने गेंद को गेब्रियल फ्यूएंटेस की सहायता से ऊपरी कोने में पहुंचा दिया। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अल हिलाल को पेनल्टी दी गई, लेकिन रेफरी के फैसले को वीएआर द्वारा कोई फ़ाउल नहीं कहकर रद्द कर दिया गया। सऊदी की टीम ने 51वें मिनट में बराबरी का गोल किया, जब कालीदोउ कुलीबली ने गेंद को गोल क्षेत्र में पहुंचाया, जिससे मार्कोस लियोनार्डो ने टूर्नामेंट का अपना चौथा गोल किया। हालांकि, अल हिलाल मैनचेस्टर सिटी पर अपनी वापसी की जीत को एक बार फिर दोहराने में विफल रहा, फ्लुमिनेंस ने 70वें मिनट में फिर से बढ़त हासिल कर ली, जब हरक्यूलिस ने दाएं पैर से एक शक्तिशाली शॉट लगाया। अंतिम 15 मिनट में, अल हिलाल के खिलाड़ी लगातार बॉक्स में गिरते रहे और पेनल्टी की मांग करते रहे।



क्रिकेट ▸ जसप्रीत बुमराह के न होने पर अलग निखार आता है

# मुझे चुनौतियां और जिम्मेदारी पसंद है : सिराज

**बर्मिंघम, 05 जुलाई (वार्ता) घर के बाहर जब भी मोहम्मद सिराज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरते हैं तो उनमें एक अलग ही निखार देखने को मिलता है या यूं कहें वह एक अलग ही तरह से जिम्मेदारी लेते दिखते हैं।**

एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन सिराज ने अपने टेस्ट करियर में तीसरी बार पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लिए। मैच के बाद सिराज ने कहा कि जब भी चुनौती आती है तो उनको वह पसंद आती है, क्योंकि उन्होंने जिंदगी में भी काफी चुनौतियां झेली हैं।

सिराज ने मैच के बाद जियो हॉटस्टार पर दीप दासगुप्ता से बातचीत में कहा, हां, बिलकुल जब आपके साथ आकाश दीप हो जो तीन-चार टेस्ट ही खेला हो, प्रसिद्ध कृष्णा हो जो दो-तीन मैच ही खेला हो, तो मेरे 38 मैच हो गए हैं, तो मैं जिम्मेदारी ले रहा था। मेरा भी मन करता है कि बोर्ड पर 600 रन हैं तो मैं कुछ अलग करूं, मेरा बस यही था कि दबाव बनाकर रखूं, अगर मुझे विकेट नहीं मिल रहा है तो जो मेरे साथ गेंदबाजी कर रहा है उसको विकेट मिले।

घर के बाहर बुमराह के साथ खेलने पर सिराज की औसत 32.4 की है लेकिन जब वह बुमराह के साथ उतरते हैं तो औसत 23.3 की हो जाती है। यानि बुमराह के बिना वह ज्यादा प्रभावित करते हैं। इसको लेकर उन्होंने कहा, ये तो केवल आंकड़ें है लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं, जहां से मैं आता हूं मैंने जिंदगी में काफी चुनौतियां झेली हैं, वहां से उबरकर आया हूं, तो मुझे चुनौतियां पसंद हैं। सिराज के लिए इंग्लैंड में यह पहली बार पारी में पांच विकेट हैं, इससे पहले वह दो बार एक विकेट से यह क़ामयाबी हासिल करने से चूक गए थे। लेकिन सिराज इस मुकाम को हासिल करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। भारत अभी भी मैच में 244 रनों से आगे है और पिच लगातार बेजान होती जा रही है, लेकिन सिराज जानते हैं कि उनको अगली पारी में किस तरह की गेंदबाजी करनी होगी। सिराज ने कहा, अभी तो मैच में हम बहुत आगे हैं, अभी यही कोशिश रहेगी कि बोर्ड पर जितना अधिक हो सके रन लगाएं।



> सिराज ने कहा, मैं बहुत समय से इंतज़ार कर रहा था, गेंदबाज़ी अच्छी कर रहा था लेकिन पांच विकेट नहीं मिल पा रहे थे। लॉर्ड्स में भी चार विकेट थे, यहां पर भी पहले चार विकेट मेरे नाम थे। अब अच्छा लग रहा है। विकेट धीमा था और जिम्मेदारी मेरे पास थी। मैं बस एक ही जगह पर गेंद करने की कोशिश कर रहा था। मैं अपनी ओर से अधिक कुछ नहीं करने का प्रयास कर रहा था। इससे टीम में भी आत्मविश्वास आता है और माहौल भी बदल जाता है।

## भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम यूरोप दौरे के लिए नीदरलैंड रवाना

**बेंगलुरु, 05 जुलाई (वार्ता)** कप्तान संजय और उप-कप्तान मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह की अगुवाई में भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम आठ से 20 जुलाई तक चलने वाले यूरोप दौरे के लिए शनिवार सुबह नीदरलैंड के लिए रवाना हो गई। भारत 'ए' टीम यूरोप के तीन शहरों में कुल आठ मैच खेलेगा। भारतीय 'ए' टीम आइंडहोवन (नीदरलैंड) में आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच तथा एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एंटवर्पेन (बेल्जियम) में इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगा।